BCM School Dugri Ludhiana

Class -5

विषय- हिंदी (कार्य पत्रिका)

*सही विकल्प चुनों-

1. काल कितने प्रकार के होते हैं?

क.तीन ख.चार ग.आठ

2. जो संज्ञा या सर्वनाम के गुण ,दोष ,रंग- रूप ,आकार का बोध कराते हैं, उन्हें क्या कहते हैं?

क. परिमाणवाचक विशेषण ख. गुणवाचक विशेषण ग. संख्यावाचक विशेषण

3. जिस क्रिया में कर्म नहीं होता उसे क्या कहते हैं?

क. क्रिया ख. अकर्मक क्रिया ग. सकर्मक क्रिया

4. साँप का पर्यायवाची है-

क. पवन ख. नाग ग. सोम

5. वीर का विलोम है-

क. पराजय ख. कायर ग. दंड

6. जो कम बोलता है वह……. होता है?

क. मृदु भाषी ख. अल्पभाषी ग. कटु भाषी

*अर्थ लिखकर वाक्य बनाओ-यज्ञ, यत्न

*निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो शब्दों में दो-

1. लेखक के मित्र का नाम लिखो?

2. चिड़िया अपनी चोंच में क्या भर कर ले जाना चाहती है?

3. राजा की बीमारी का क्या कारण था?

4. संन्यासी ने महामंत्री से कितने गड्ढे खोदने के लिए कहा?

*मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य बनाओ-

कमर टूटना-

*किसने किससे कहा-

1.हो तो गया दान।

2. हमने निरुत्तर होकर आँखें बंद कर ली।

*रिक्त स्थान भरो-

1. दुनिया लाख बुरी है, मगर फिर भी भले……. से खाली नहीं है।

2. धन संपत्ति से सब कुछ खरीदा जा सकता है, किंतु…….. नहीं।

*विलोम शब्द-जीवन, दिन

*अनेकार्थी शब्द-लाल

*विशेषण छाँटकर भेद लिखो-

1. नीम का स्वाद कड़वा होता है।

2. मुझे दो लीटर तेल चाहिए।

*क्रिया छाँट कर भेद लिखो-

1. बच्चे खेल रहे हैं।

2. अनु पुस्तक पढ़ रही है।

*निम्नलिखित अपठित गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो-

हमारे जीवन में पुस्तकों का एक महत्वपूर्ण स्थान है। पुस्तक प्रेरणा का स्रोत हैं। पंडित जवाहरलाल नेहरू का कहना था कि उन्हें रॉबर्ट फ्रॉस्ट की काव्य पंक्तियों ने निरंतर कर्म करने की प्रेरणा प्रदान की। पुस्तकों के माध्यम से ही एक पीढ़ी का ज्ञान दूसरी पीढ़ी तक पहुँचता है। विज्ञान, तकनीक एवं सभ्यता तथा संस्कृति के प्रचार प्रसार में पुस्तकों का अमूल्य योगदान रहा है।तुलसीदास रचित राम चरित्र मानस तथा वेदव्यास रचित महाभारत ने जन-जन के भीतर प्राचीन परंपराओं आदर्शों तथा मूल्यों को स्थापित किया है। किसी ने ठीक ही कहा है-" पुस्तक जागृत देवता हैं, इनकी सेवा करके तत्काल वरदान प्राप्त किया जा सकता है।"

1. किसकी काव्य पंक्तियों ने पंडित नेहरू को प्रेरणा प्रदान की?

क. विलियम शेक्सपियर ख. वर्ड्सवर्थ ग. रॉबर्ट फ्रॉस्ट

2. रामचरितमानस किसकी रचना है-

क. तुलसीदास ख. वाल्मीकि ग. वेदव्यास

3. पुस्तक का पर्यायवाची शब्द है-

क. साहित्य ख. किताब ग. रचना

4. इस अनुच्छेद का एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए-

क. रामचरितमानस ख. पुस्तकों का महत्व ग. महाभारत